रंगोत्सव | भाईचारे के साथ मनाया रंगों का त्योहार , पारंपरिक फागों और नृत्य के साथ मनाया पर्व

# होली पर जमकर उड़ा रंग-गुलाल







**नवभारत, जबलपुर।** फाल्गुन माह में आने वाली होली का पर्व इस बार भी बड़े ही धूमधाम से संस्कारधानी मनाया गया। इस वर्ष चंद्र ग्रहण के कारण होलिका के एक दिन बाद लोगों ने जमकर रंग- गुलाल उड़ाया। पारंपरिक फागों, नृत्य के साथ-साथ हर्बल गुलाल के साथ जगह-जगह होली के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां पर लोगों ने रंग गुलाल और फूलों से खूब होली खेली। होली वाले दिन सुबह से ही लोग एक दूसरे के घर पहुंच कर रंग गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही सभी ने मन- मुटाव और बुराइयों को भूलकर एक- दूसरे को गले लगा कर भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर शहर की सड़कों, कॉलोनी गली- मोहल्ला आदि सभी जगह पर जमकर रंग- गुलाल उड़ा, लोगों ने खूब उत्साह और उमंग के साथ होली खेली।

### हर्बल गुलाल के साथ मिट्टी और गेरू से होली

पिछले कई वर्षों से यह देखा जा रहा है कि लोग केमिकल वाले कलरों को छोड़कर अब पीली मिट्टी और गेरू के साथ होली खेलना पसंद करते हैं। हर्बल गुलाल से तो लोगों होली खेलते हैं लेकिन अब लोग पीली मिट्टी और लाल गेरू से भी होली खेलना पसंद करते हैं। जोकि नुकसान भी नहीं करती है और होली के बाद जल्दी ही शरीर से छूट भी जाती है। जिसके चलते गुलाल साथ-साथ गेरू और पीली मिट्टी की ही होली खेली गई।



मंत्री राकेश सिंह के यहां होली मिलन कार्यक्रम



सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने सभी क्षेत्रों में पुलिस व टास्क फोर्स रही तैनात

### 100 वर्षों की परंपरानुसार हुआ रांझी बस्ती में होलिका दहन



रांझी बस्ती स्थित शिव मंदिर परिसर, कैलाश चौक में 4 मार्च को भूमियाना वेगा प्रजाति द्वारा पिछले लगभग 100 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार होलिका दहन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित निरंजन शर्मा द्वारा विधि-विधान से पूजन कराई गई, जिसके बाद होलिका दहन संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में निर्मल जैन, अनिल चौबे सहित बस्ती के अनेक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे और सभी ने परंपरागत उत्साह के साथ आयोजन में भाग लिया।

### जेल में विंडो से हुई भाई-बहन की मुलाकत



नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय कारागार में भाई-दूज पर अवकाश होने के चलते विंडो से भाई-बहन से मुलाकात हो सकी। बहनों ने भाईयों को टीका लगाकर उनके दीर्घायु और स्वस्थ रहने की कामना की है।

### भाई बहन का अटूट रिश्ते के साथ मना भाईदूज



होली के बाद का दिन बहन और भाइयों के नाम होता है जिसमें सभी बहनें अपने भाइयों को भाई-दूज के अवसर पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हैं और हमेशा उनके साथ निभाना और जीवन में उनकी रक्षा करने का वचन मांगती हैं। बहन और भाई के इस पावन दिन को शहर में बड़ी ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही सभी घरों में बहनों ने भाई को तिलक लगाकर भाई- दूज मनाया। उसके बाद लोगों ने बाहर घूम कर मूवी देखकर इस पूरे दिन को बहनों के साथ एंजॉय किया।

### अधिकारियों ने एक-दूसरे को लगाया गुलाल



होली पर्व के अवसर पर गुरुवार को पुलिस लाइन जबलपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय तथा नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, समस्त नगर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य सहित पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने आपसी भाईचारे और उत्साह के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व मनाया।





## राम जपो जी ऐसे ऐसे ध्रुव प्रहलाद जपिओ हरि जैसे

▸ होला महल्ला महापर्व में गुरुवाणी के इलाही रंगों में सराबोर हुए श्रद्धालु

**नवभारत,जबलपुर।** साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की इलाही गुरुवाणी गूंज रही थी 'राम जपो जी ऐसे ऐसे ध्रुव प्रहलाद जपिओ हरि जैसे', अवसर था, होली पर सिख समाज द्वारा मनाया जाने वाला होला मोहल्ला महापर्व का, जो पुण्य सलिला नर्मदा के परले तट पर स्थित कगुरुद्वारा गौरीघाट में हर्षोल्लास, आस्था उमंग के साथ धूमधाम से मनाया गया। रागी जत्था गुरदीप सिंह, मनप्रीत कौर खालसा, छत्तीसगढ़ ने सम सामयिक गुरुवाणी शबद पेश कर साध संगत को रसविभोर कर दिया। गुरुवाणीविद कथावाचक ज्ञानी बलविंदर सिंह, देहरादून ने कहा कि होला महल्ला पर गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने भक्ति के साथ साथ शक्ति का ऐतिहासिक पैगाम देकर शस्त्र विद्या की शुरुआत की । हुजूरी रागी जत्था मनप्रीत सिंह, स्त्री सत्संग सभा,एवंसतनाम सिंह, रांझी ने शबद का सरस गायन किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी लखबीर सिंह, गिरजा सिंह एवं जसप्रीत सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब का हुकुमनामा एवं अरदास संपन्न करवाई। इस दौरान विभिन्न सेवादारों सहित गुरमत क्विज के छात्रों को सम्मानित किया गया। समापनोपरांत सिख मार्शल आर्ट गतकां के रोचक मुकाबले हुए । यहां पगड़ी का लंगर लगाकर निःशुल्क पगड़ियां बांटी गई और बच्चों को पगड़ी बांधने की कला सिखाई गई । बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मत्था टेक कर गुरु का लंगर और कडाह प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा ग्वारीघाट प्रबंधक कमेटी के प्रधानसाहब गुलजीत सिंह ने आभार व्यक्त किया वहीं कार्यक्रम का संचालन ज्ञानी फुलबीर सिंह फूल ने किया। आयोजन में सर्वत्र उल्लास बिखरा रहा । श्रद्धालुओं हेतु निःशुल्क नाव की व्यवस्था की गई थी।

## तीसरे जुमा पर शहर की मस्जिदों में अदा होगी नमाज

सोलहवां रोजा 6 मार्च जुमा
रोजा अफ़्तार, 6 :21 बजे
सहरी सुबह, 4 :58 बजे



**नवभारत,जबलपुर।** पाक माह रमज़ान शरीफ़ के तीसरे जुमा के मौके पर शहर की 100 से अधिक मस्जिदों और नमाज़गाहों में दोपहर लगभग डेढ़ बजे जुमा की नमाज़ अदा की जाएगी। नमाज़ से पूर्व इमाम साहब द्वारा खुत्बा पढ़ा जाएगा तथा नमाज़ के बाद मुल्क और शहर में अमन-ओ-अमान के लिए विशेष दुआएँ की जाएँगी।

मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी के अनुसार रमज़ान मुबारक के सोलहवें रोज़े जुमा को ईदगाह कला, रानीताल में हज़रत मौलाना शाह अब्दुल करीम नक्शबंदी रहमतुल्लाह अलैह का 129वाँ सालाना उर्स शरीफ़ आयोजित किया जाएगा। उर्स के अवसर पर नमाज़-ए-जुमा के बाद कुरआन ख़्वानी होगी तथा नमाज़-ए-असर के पश्चात मज़ार शरीफ़ पर अकीदतमंदों द्वारा चादरपोशी की रस्म अदा की जाएगी। शाम को मगरिब के वक्त विशाल अफ़्तार-ए-आम का भी इंतज़ाम किया गया है, जिसमें रोज़ेदारों और अकीदतमंदों के लिए सामूहिक इफ़्तार की व्यवस्था रहेगी। आस्तान-ए-आलिया करीमिया सलामिया बुरहानिया के सज्जादानशीन सूफी जियाऊल हक कादरी बुरहानी व हज़रत मौलाना ईनामुल हक कादरी ने अपने बयान में अकीदतमंदों से अपील की है कि उर्स और अफ़्तार-ए-आम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रूहानी फ़ैज़ हासिल करें।

### सर्वधर्म सद्भावना समिति द्वारा अफ़्तार-ए-आम

इसी क्रम में रमज़ान शरीफ़ के पन्द्रहवें रोज़े को सर्वधर्म सद्भावना समिति द्वारा सिटी कोतवाली के सामने मौलाना साहब की गली में अफ़्तार-ए-आम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी की सरपरस्ती और सूफी मेराज बाबा जमाली की क़यादत में सम्पन्न हुआ। अफ़्तार-ए-आम में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, अमरीश मिश्रा, गुड्डू नबी, प्यारे साहब, रिज़वान अली कोटी, सिद्धांत जैन, अजीत रावत, रौनक अग्रवाल, सचिन जैन, बबलू दुबे,आरिफ हसन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही सैकड़ों हिन्दू और मुस्लिम धर्मावलंबियों ने कार्यक्रम में शिरकत कर आपसी भाईचारे, शांति और सद्भावना का संदेश दिया।

### अमन, शांति और तरक्की के लिए दुआएं

रोज़ा अफ़्तार के बाद मगरिब की सामूहिक नमाज़ अदा की गई और शहर जबलपुर में अमन, शांति और तरक़्क़ी के लिए दुआएँ मांगी गईं। कार्यक्रम के दौरान सर्वधर्म सद्भावना समिति के संयोजक पूनम आशीष उसरेठे, सह-संयोजक मोहम्मद ताहिर खान और नीलेश पंसारी ने अफ़्तार-ए-आम में शामिल सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करते हैं।

प्रशिक्षण | जनेकृविवि के उद्यान शास्त्र विभाग द्वारा कृषक प्रशिक्षण आयोजित

## मसाला फसलों की उन्नत खेती से बढ़ेगी आय : डॉ. बारचे



**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से उद्यान शास्त्र विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास परियोजना के अंतर्गत विकासखंड पनागर के ग्राम डूंगरिया में अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. स्वाती बारचे के मुख्यआतिथ्य में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डॉ. स्वाती बारचे ने कहा कि मसाला फसलों की उन्नत खेती से किसानों की आय बढ़ेगी। आपने मसाला वर्गीय फसलों जैसे धनिया, मेथी, लहसुन, अदरक, मिर्च एवं हल्दी की उन्नत उत्पादन तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अलावा विशेषज्ञों ने किसानों को फसल प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं विपणन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया, जिससे वे अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। साथ ही गुणवत्तायुक्त बीज, पौध सामग्री एवं जैव उर्वरकों के उपयोग की जानकारी भी प्रदान की गई। दरअसल कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मसाला फसलों की उन्नत खेती को प्रोत्साहित करना तथा किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी डॉ. रजनी शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ. अमित झा एवं डॉ. रीना नायर, कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रमोद गुप्ता तथा कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती मोनिका झा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन कल

**नवभारत,जबलपुर।** शास्त्रीय संगीत के विकास एवं उन्नयन की दृष्टि से जबलपुर में आर्ट हब, हैदराबाद एवं आई. टी.सी. संगीत रिसर्च अकादमी, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में शास्त्रीय संगीत सभा का आयोजन स्थानीय शहीद स्मारक सभा गृह, गोलबाजार में कल शनिवार 7 मार्च 2026 को सायं 6:30 से आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में देश के विख्यात गायक पं. उल्हास कशालकर (पुणे) के शास्त्रीय गायन के साथ पं. सुरेश तलवलकर (पुणे) की तबला संगत एवं शौनक रॉय, सरोद (कोलकाता) के साथ जयंत सरकार (कोलकाता) तबला संगत की प्रस्तुती होगी। कार्यक्रम संयोजक प्राध्यापक अखिलेश सप्रे ने सभी संगीत प्रेमियो से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।





## 'मैं अकेला नहीं हूं' विषय पर परिचर्चाएं

▸ रादुविवि में 'मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण प्रकोष्ठ' का उद्घाटन

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण प्रकोष्ठ का उद्घाटन कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा एवं कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। यह प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश की गाइडलाइन के अनुरूप छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। बप्रकोष्ठ के माध्यम से 'बात करें, बोझ हल्का करें' और 'मैं अकेला नहीं हूँ' विषय पर समूह परिचर्चाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही योग, प्राणायाम, स्ट्रेस मैनेजमेंट, अवसाद-तनाव की पहचान और आत्महत्या निवारण के लिए जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. देवीलता रावत, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. मीनल दुबे, कौशल विकास संस्थान के डॉ. अजय मिश्रा सहित अतिथि विद्वान डॉ. एस.पी. त्रिपाठी, डॉ. प्रदीप विश्वकर्मा, डॉ. ज्योति चौबे, डॉ. रेणु पाठक, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. धीरेन्द्र मौर्य, डॉ. प्रतिभा दी जयसिंह, डॉ. अपर्णा अवस्थी, डॉ. अपर्णा शर्मा, राहुल नायक और डॉ. गरिमा प्रवीण पांडे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।